## Headline

1. Cyclone Biparjoy: राजस्थान की ओर बढ़ा 'बिपरजॉय, गुजरात में भारी बारिश के आसार; शाम तक कमजोर होगा तूफान
2. Assam Flood: असम में बाढ़ से हालात गंभीर, छह जिलों के 29 हजार लोग बुरी तरह प्रभावित


सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 8 अंक : 337 | इंदौर, शुक्रवार 16 जून, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


### बवाल के बाद पुलिस पर कार्रवाई की मांग ...

# जेल भेजे बजरंगियों को रिहा किया

## कार्यकर्ताओं से मिलने भाजपा नगर नेता पहुंचे, सीएम तक पहुंचा मामला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। गुरुवार की रात पलासिया थाने के सामने पुलिस ने बजरंग दल के कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज कर दिया। ये कार्यकर्ता नशे के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। पुलिस ने उन्हें दौड़ा दौड़ा कर पीटा। जिसके बाद कार्यकर्ता भागकर छप्पन दुकान की ओर गए। यहां उन्होंने दुकानों पर पथराव कर दिया। कई गाडियां तोड़ दी। हंगामे के बीच एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। पुलिस ने कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर बस में भरकर जेल भेज दिया। जेल में बजरंगियों ने भूख हड़ताल कर दी और दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की। आज सुबह सभी कार्यकर्ताओं को रिहा कर दिया गया। उधर, भाजपा नगर अध्यक्ष और अन्य नेता जेल में बजरंगियों से मिलने के लिए भी पहुंचे थे। उन्होंने मामले में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान से भी बात की।

गुरुवार शाम करीब 7 बजे बजरंग दल के कार्यकर्ता यहां पलासिया थाने के सामने जुटे। वे नशे के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। उन्होंने सड़क बैठकर नारेबाजी शुरू कर दी। प्रदर्शन के कारण जाम की स्थिति बन गई। पुलिस ने कई बार हटने के लिए कहा, लेकिन कार्यकर्ता नहीं माने। आखिरकार पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। बजरंगियों को मेडिकल के लिए एमवाय अस्पताल भेजा गया है। साथ ही तुकोगंज और पलासिया थाने के दो-दो पुलिसकर्मियों का भी मेडिकल कराया गया है।

लाठी चार्ज के बाद गिरफ्तार हुए बजरंग दल के कार्यकर्ताओं से मिलने भाजपा नगर भाजपा नगर अध्यक्ष गौरव रणदिवे उनसे मिलने सीआई जेल पहुंचे। रणदिवे का कहना है कि घटना को लेकर पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए मुख्यमंत्री से चर्चा की गई है।

### ● छप्पन दुकान पर किया पथराव

पुलिस लाठीचार्ज के बाद बजरंग दल के कार्यकर्ता भागते हुए 56 दुकान की ओर चले गए। यहां उन्होंने दुकानों पर पथराव कर दिया। कई गाडिय़ां तोड़ दी। पथराव में एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। पुलिस ने चक्काजाम करने वाले कई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार कार्यकर्ता जेल में भूख हड़ताल पर बैठकर दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।



### ● शांति प्रदर्शन की बात, पहुंच गए 500 कार्यकर्ता

डीसीपी धर्मेन्द्र भदौरिया का कहना है कि गुरुवार शाम साढ़े सात बजे बजरंग दल के लोगों ने शांतिपूर्वक प्रदर्शन करने और थाने में ज्ञापन देने की बात कही थी। लेकिन 500 कार्यकर्ता यहां इकट्ठा हो गए। पुलिस के लाठीचार्ज के बाद कार्यकर्ता इधर-उधर भाग गए। छप्पन दुकान पर पहुंचे कुछ कार्यकर्ताओं ने दुकानों पर पथराव कर दिया। यहां पहुंचे लोग भी पथराव से बचने के लिए भागते नजर आए। ड्यूटी कर रहे हेड कास्टेबल संदीप सिंह के सिर में चोट आई है। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

### ● बिना कारण किया लाठीचार्ज

पुलिस ने विश्व हिंदू परिषद के विभागीय मंत्री राजेश बिजवे, संगठन मंत्री तन्नु शर्मा सहित कई पदाधिकारियों को गिरफ्तार कर जिला जेल भेज दिया है। राजेश बिजवे ने बताया कि वे लोग शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे। लेकिन पुलिस ने बिना कारण लाठीचार्ज कर दिया।

### ● जेल से वीडियो जारी

बजरंग दल पदाधिकारियों ने जेल से वीडियो जारी कर कहा कि उन पर आक्रमण हुआ है। पुलिस की समझाइश पर 400 कार्यकर्ताओं ने गिरफ्तारी दे दी थी। सभी को बसों में भर लिया गया था। पदाधिकारी भी बस में बैठने वाले थे कि पुलिस ने पीटना शुरू कर दिया।

### इंटेलिजेंस फेल

बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने गुरुवार दोपहर ही घोषणा कर दी थी कि पलासिया थाने पर एकत्र होना है। पूरे शहर में मैसेज जारी होने के बाद भी इंटेलिजेंस हालात भांपने में चूक गया। एक घंटे तक जाम और नारेबाजी हुई लेकिन बड़े अफसर प्रदर्शनकारियों को हटाने में नाकामयाब रहे।

### समझाया तो पथराव कर दिया

**समझाने पर पुलिसवालों पर पथराव करना शुरू कर दिया गया। इसमें प्रधान आरक्षक सत्यनारायण, भागचंद, कमलेश, फेदेलियुसा और संदीप रघुवंशी घायल हो गए। भीड़ को इधर-उधर करने के लिए हल्का बल प्रयोग करना पड़ा।**

**- एडीसीपी राजेश रघुवंशी**



# सोलर सिटी के लिए इमारतों की छतों पर 300 मेगावाट सौर बिजली उत्पादन का लक्ष्य तय किया

## इंदौर में 5100 स्थानों पर लगे सोलर पैनल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर को सोलर सिटी बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। इसके लिए पहले 85 वार्ड की 85 कॉलोनियों को लिया जाएगा। इन्हें चिह्नित करने का काम स्मार्ट सिटी कंपनी ने शुरू कर दिया है। वार्ड में कौन सी कॉलोनी को लेना है इसके लिए नाम पार्षदों से भारी जा रहे है। कॉलोनी के नाम आने के याद रहवासी संघ से बात कर पूरी कॉलोनी में सोलर पैनल लगाने का काम शुरू किया जाएगा।**

इंदौर को सोलर सिटी बनाने के संकल्प महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने लिया है। इसको लेकर उन्होंने वजन डाक्यूमेंट प्रारूप पिछले दिनों जारी कर दिया है। इसमें इमारतों की छतों पर 300 मेगावाट सौर बिजली उत्पादन का लक्ष्य तय किया गया है। शहर में पहले चरण के दौरान 85 की 85 कॉलोनियों को लिया जाएगा। एक वार्ड में एक कॉलोनी को चिन्हित करेंगे ताकि कॉलोनी के हर घर में सूर्य की रोशनी से बिजली बनाने का सोलर पैनल लग जाए। वार्ड की कौन सी कॉलोनी लेना है इसके लिए स्मार्ट सिटी कंपनी ने पार्षदों से कॉलोनी के नाम मांगे हैं। इसके बाद कॉलोनी के रहवासी संघ से बात कर सोलर पैनल लगाने को लेकर बात की जाएगी।

साथ ही बताया जाएगा कि सोलर पैनल कैसे लगेगा और क्या फायदा मिलेगा। पैनल किस बेहर से लगवाएं और चेहरे बदेन है। बाबा हो दिल लगाने पर कितना खर्च आएगा और घर का बिजली बिल कैसे कम होगा रहवासी संघ को इस सब की जानकारी स्मार्ट सिटी कंपनी के अफसर देंगे। दूसरे चरण में सरकारी इमारतों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र: लगाए जाएंगे। शहर को सोलर सिटी बनाने के लिए अभियान भी चलाया जाएगा ताकि कम खर्च में सुलभ तरीके से सौर ऊर्जा लोगों को प्राप्त हो सके। निगम का टारगेट है कि शहर की 100 कॉलोनियों में सोलर पैनल लगे।

पिछले दिनों हुई मेयर इन कौंसिल की बैठक में सोलर पैनल लगाने के लिए एजेंसी नियुक्ति करने का फैसला लिया गया ताकि लोगों को यह काम कराने में आसानी हो। गौरतलब है कि अंतरराष्ट्रीय सूर्य दिवस पर इंदौर में हुए आयोजन में उपस्थित शहर के प्रबुद्धजनों ने इर को सोलर सिटी के रुपए विकसित करने को लेकर रखे थे। इनमें सैर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने में लगने वाले वित्तीय सं के लिए ऋण उपलब्ध कराने, संयंत्र स्थापित करने की प्रक्रिया को सरल करने, इसके लिए एकल खिड़की से प्रदान करने घरों की छत पर र संयंत्र स्थापित करने वालों को प्रेस करने जैसे शामिल थे।

### इंदौर में 5100 स्थानों पर लगे सोलर पैनल

पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी के अंतर्गत आने वाले मालवा निमाड़ में घरो कार्यालय परिसरों, छतों पर सोलर पैनल लगाकर बिजली बनाने वालों की संख्या अब बढ़कर 8550 हो गई है। रूफटॉप सोलर नेट मीटर से जुड़ी इकाइयों की बिजली उत्पादन क्षमता अब 110 मेगावाट के करीब हो गई है। इंदौर शहर के मध्य एवं सीमावर्ती क्षेत्र में अब तक करीब 5100 स्थानों पर सोलर पैनल लगाई गई है। 59 मेगावाट क्षमता की पैनल निम्न दाब उपभोक्ताओं ने अपने यहाँ स्थापित की है वहीं 51 मेगावाट से ज्यादा की क्षमता की पैनल उच्चदाब उपभोक्ताओं के परिसरों पर स्थापित है।

# भाजपा कराएगी हर बूथ पर 100 मिस्ड कॉल

● विशेष जनसंपर्क अभियान पर संगठन का फोकस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के नौ साल पूरे होने पर अभियान चला रही है। 20 जून से विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा जिसमें घर घर दस्तक दी जाएगी। लोगों को पत्रक देते हुए सेल्फी भी ली जाएगी तो मिस्ड कॉल भी कराया जाएगा। एक बूथ पर सौ-सौ लोगों का लक्ष्य रखा गया है। यह निर्णय इंदौर में आयोजित नगर भाजपा की बैठक में लिया गया है।

विधानसभा चुनाव के पहले भाजपा अपने कार्यकताओं को रिचार्ज करने का प्रयास कर रही है। बहाना है मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने का जिसके अंतर्गत हितग्राही और मोर्चा प्रकोष्ठों के विधानसभावार सम्मेलन चल रहे हैं। दोनों ही आयोजनों में अच्छी भीड़ जुट रही है। लाड़ली बहना योजना के जबर्दस्त हिट होने के बाद कार्यकताओं में अलग ही उत्साह भी नजर आ रहा है। महिलाओं में में अच्छा खासा माहौल बना हुआ है। पार्टी इसका पूरा फायदा उठाना चाहती है।

### पत्रक देने के साथ सेल्फी ली जाए

इसके चलते पार्टी ने अभी से विशेष जनसंपर्क अभियान पर फोकस करना शुरू कर दिया है जिसमें कार्यकताओं की टोली घर-घर दस्तक देने जा रही है। 20 जून से ये अभियान शुरू होने जा रहा है। सारा फोकस अभियान पर किया जा रहा है। सभी जवाबदारों को निर्देश दिए गए हैं कि बूथ इकाई को एक बार फिर सक्रिय किया जाए। उनके साथ टोली बनाकर घर-घर संपर्क किया जाए। पत्रक देने के साथ सेल्फी ली जाए। ये भी स्पष्ट कहा गया कि बूथ पर कम से कम 100 लोगों से पार्टी के दिए गए नंबर पर मिस्ड कॉल कराए जाए। 100 घर जाना अनिवार्य है। ये अभियान 30 जून तक चलेगा।

## भारत निर्वाचन आयोग ने सभी विधानसभा को कारवाई करने के आदेश जारी किए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट इंदौर। सरकार को जिन भवनों से नियमित टैक्स के रूप में करोड़ो रुपए प्राप्त हो रहा है उन भवनों में निवासरत परिजनों का विवरण निर्वाचन आयोग द्वारा को जारी की गई मतदाता सूची में नही होने के तथ्य कांग्रेस की रेंडम जांच में सामने आने पर और चतुर्थ क्षेणी कर्मचारीयो (जैसे बेलदार, मस्टर श्रमिक,तबला-वादक, समय-पाल आदि) को इछठ बनाकर निर्वाचन जैसा महत्वपूर्ण कार्य आपत्ति के बाद भी कराये जाने पर मध्यप्रदेश कांग्रेस मतदाता-सूची कार्य के प्रभारी महेंद्र जोशी एवं इंदौर के प्रभारी दिलीप कौशल ने अभिभाषक जयेश गुरनानी के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश, जिला निर्वाचन अधिकारी सहित जिले के सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारियो को प्रमाण सहित शिकायत / कानूनी नोटिस भेजा था विगत दिनों कांग्रेस प्रतिनिधी मंडल ने कलेक्टर से भेंट करके लगाए थे कि निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियो का उक्त कार्य एक सुनियोजित षड्यंत्र प्रतीत हो रहा है जिससे सत्तादल भाजपा को चुनाव में लाभ देने के कार्य करने के आरोप भी कांग्रेसियों ने लगाए थे जिसको भारत निर्वाचन आयोग ने गंभीरता से लिया है और सभी विधानसभा क्षेत्रों को शिकायत पर कारवाई करने के आदेश जारी किये है।

## ब्राह्मण छात्रवृत्ति आंदोलन को लेकर बैठक 18 को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। गरीब ब्राह्मण विद्यार्थियों को सरकार से छात्रवृत्ति दिलाने के लिए प्रादेशिक ब्राह्मण छात्रवृत्ति आंदोलन चलाया जा रहा है। आंदोलन को और प्रभावी बनाने के लिए सर्व ब्राह्मण समाज, मध्यप्रदेश के तत्वावधान में 18 जून, रविवार को प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक रखी गई है। जिसमें प्रदेश के करीब 50 स्थानों से प्रतिनिधि भाग लेंगे। ब्राह्मण छात्रवृत्ति आंदोलन के प्रदेश संयोजक पं. विकास अवस्थी एवं समन्वयक कनू मिश्रा ने बताया कि प्रदेशभर के जिला एवं तहसील के जमीनी संगठनों को आंदोलन से जोड़ने के लिए विगत 1 महीने से कार्य किया जा रहा हैं। इसी कड़ी में अब तक प्रदेश के करीब 40 स्थान पर मुख्यमंत्रीजी के नाम ज्ञापन का कार्यक्रम हो चुका है। आंदोलन गरीब ब्राह्मणों के हित में है, गैरराजनीतिक है, परमार्थिक भावना से संचालित है।

# डीएवीवी में 9 सूत्री मांगों को लेकर कर्मचारी संघ का धरना प्रदर्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय स्ववित्त संस्थान कर्मचारी (गैर शिक्षक) संघ की बैठक में इस आह्वान में सम्मालित होने का निर्णय लिया गया। अखिल भारतीय विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ द्वारा 9 सूत्री मांगों पर14 जून बुधवार को होने वाले एक दिवसीय धरना प्रदर्शन तय किए गए कार्यक्रम अनुसार संपन्न हुआ। सभी कर्मचारी तक्षशिला परिसर, खण्डवा रोड, के मुख्य द्वार पर एकत्रित हुए और अध्ययनशालाओ में रैली निकाली गई तथा नारेबाजी की गई। तत्पश्चात नालंदा परिसर, आर.एन.टी. मार्ग पहुंचकर वहां प्रदर्शन किया गया तथा प्रभारी कुलपति डॉ. सुमंत कटियाल तथा कुलसचिव डॉ. अजय वर्मा को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इसके पश्चात कमिश्नर कार्यालय इंदौर संभाग, मोती महल पहुंचकर डिप्टी कमिश्नर डॉ रजनीश श्रीवास्तव को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया तथा साथ ही सौंपे गए ज्ञापन का वाचन भी किया गया। अखिल भारतीय विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष एस होता, कार्यकारी अध्यक्ष एम बी सज्जन , महासचिव अंजन घोष जी, राष्ट्रीय सचिव दीपक सोलंकी के निर्देशांनुसार इस आयोजन में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय स्ववित्त संस्थान कर्मचारी(गैर शिक्षक) संघ के पादाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## कटाक्ष




©www.detectivegroupreport.com

# मिलों की भूमि की लीज निरस्त कर पुनः शासन के नाम से दर्ज होगी

● कलेक्टर डॉक्टर इलैया राजा टी का महत्वपूर्ण आदेश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कलेक्टर डा इलैया राजा टी आज एक महत्वपूर्ण आदेश पारित किया है। इन्दौर स्थित नेशनल टेक्सटाइल की मिलों की भूमियों को विक्रय के संबंध में म.प्र. शासन द्वारा वर्ष 2003 एवं 2007 के निर्देशों द्वारा अनुमति प्रदान की गई थी। उक्त अनुमति प्राप्त होने के बाद केवल स्वदेशी मिल की 15.32 एकड़ भूमि विक्रय हो सकी, दि मालवा मिल्स युनाईटेड लिमिटेड एवं कल्याण मिल की भूमि का विक्रय नहीं किया जा सका एवं न ही प्लांट का आधुनिकीकरण कर प्लांट पुनः चालू किया जा सका।**

कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी द्वारा संपूर्ण मामले की समीक्षा की गई एवं प्रतिवेदन राज्य शासन को भेजा गया। उक्त के अनुक्रम में राज्य शासन द्वारा दिसम्बर 2022 में नेशनल टेक्सटाईल की इन्दौर स्थित उक्त मिलों की भूमि की लीज निरस्त कर म.प्र. शासन में दर्ज किए जाने के विषय में निर्णय लिए जाने के निर्देश दिए गए। राज्य शासन के निर्देशों के अनुसार कलेक्टर इन्दौर ने अपर कलेक्टर को प्रकरण में आगामी कार्यवाही के लिए मामला सौंपा तदनुसार दि मालवा मिल्स युनाईटेड लिमिटेड एवं कल्याण मिल की भूमियों के संबंध में दो प्रकरणों में सुनवाई कर इनका निराकरण किया गया। दि मालवा मिल्स युनाईटेड लिमिटेड की भूमि में से 25 एकड भूमि आई.डी.ए. को कन्वेशन सेन्टर के निर्माण हेतु वर्ष 2008 में दी गई थी तथा 7.67 एकड एन.टी.सी. द्वारा मध्यप्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम को पूर्व में विक्रय की गई। उक्त भूमि के अलावा शेष भूमि कुल 60.09 एकड़ लीज निरस्त कर पुनः म.प्र. शासन के पक्ष में किए जाने हेतु आदेश पारित किया गया।

इसी प्रकार अन्य प्रकरण में कल्याण मिल की 32.04 एकड भूमि को म.प्र. शासन में दर्ज किए जाने हेतु आदेश पारित किया गया है।

# शिक्षक प्रशिक्षण शिविर 19 जून से

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। उपाध्याय प्रवर प्रवीण ऋषि की सद्प्रेरणा से संपूर्ण भारत में चलाए जा रहे अर्हम विज्जा शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन आगामी 19 जून से ऑनलाईन होगा। शिविर को लेकर इंदौर के जैन समाज में भारी उत्साह का संचार हो रहा है।

अर्हम विज्जा की प्रवीणा जैन ने बताया है कि आचार्य आनंद ऋषि के आशीर्वाद ऋषि प्रवीण अर्हम विज्जा के माध्यम से विश्व को नया मार्ग एवं नई रोशनी की ओर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह शिक्षक प्रशिक्षण समाज को जन्म से मृत्यु तक हर पड़ाव को सरलता के साथ विभिन्न साधनों व कार्यक्रमों के माध्यम से आगे बढाने में मदद करता है तथा इसके माध्यम से ऐसे साधन व प्रशिक्षक तैयार करता है जो जिंदगी के हर खतरे व मुसीबत का सामना कर सही दिशा में मोडते हुए उसका सहज समाधान ढूंढ सकते है। उन्होंने बताया कि डिप्रेशन व वैश्विक समस्याओं को दूर करने के लिए 24 सप्ताह तक चलने वाले इस गैर लाभकारी प्रशिक्षण के माध्यम से व्यक्ति स्वयं की पूरी क्षमता को पहचानने और उनकेभीतर की महाशक्ति को जगाने के लिए प्रेरित करने के लिए आवश्यक ज्ञान और अनुभव प्राप्त करेंगे।

# श्रम और रोजगार को लेकर इस बार इंदौर में होगी जी-20 की बैठक

## स्थान के चयन के लिए सचिव आरती आहूजा ने किया दौरा

**इंदौर**। श्रम और रोजगार को लेकर होने वाली जी-20 की बैठक इंदौर में होगी। इस बैठक के स्थान चयन के लिए केंद्रीय श्रम व रोजगार मंत्रालय की सचिव आरती आहूजा इंदौर पहुंची। आरती आहूजा ने स्थानीय अधिकारियों के साथ गांधी हॉल, लालबाग और राजवाड़ा का दौरा किया। अधिकारियों ने ग्रैंड शेरेटन होटल को भी देखा जहां संभवतः जी 20 देशों के मंत्रियों की बैठक होगी।जी-20 की मेजबानी कर रहे हमारे देश में अलग-अलग विषयों पर देश के प्रमुख शहरों में बैठकों का दौर जारी है। इसी क्रम में कृषि समूह की एक बैठक की मेजबानी कर चुके



इंदौर में अब अगली जी-20 की बैठक जुलाई में होगी। 19 से 21 जुलाई तक तीन दिनी यह बैठक इंदौर में होगी। रोजगार पर केंद्रीत इस बैठक में 19 और 20 जुलाई को अधिकारी समूह स्तर पर चर्चा होगी।इसी के साथ 21 जुलाई को जी-20 समूह देशों के श्रम और रोजगार मंत्रियों की बैठक होगी। बैठक में आने वाले मंत्री जी 20 देशों के मंत्री और अधिकारियों को शहर की संस्कृति और खानपान से भी अवगत कराया जाएगा। इसी उद्देश्य से श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की सचिव आरती आहूजा इंदौर पहुंची उन्होंने सबसे पहले गांधी हॉल फिर लालबाग और राजवाड़ा का दौरा किया।इनमे से किसी एक स्थान पर सांस्कृतिक आयोजन किए जाने की संभावना है। सचिव को कार्यक्रम के लिहाज से गांधी हॉल तो पसंद नहीं आया लेकिन लालबाग और राजवाड़ा में से किसी एक स्थान का चयन किया जा सकता है। जी 20 के तहत इंदौर में होने वाली बैठक में श्रम और रोजगार की विषय पर चर्चा की जानी है।

# 27वां ध्यान साधना शिविर 17 जुलाई से

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। गुरू पूर्णिमा के उपलक्ष्य में 27वां ध्यान साधना शिविर 17 से 23 जुलाई तक नाथ मंदिर रोड स्थित पंजाब अरोड़वंशीय समाज धर्मशाला पर युग पुरुष स्वामी परमानंद गिरि महाराज के सानिध्य में मनाया जाएगा। इस दौरान देश-विदेश के अनेक श्रद्धालु भी शिविर में भाग लेने इंदौर आएंगे। संयोजक साध्वी चेतन्य सिंधु, अध्यक्ष किशनलाल पाहवा एवं समन्वयक विजय शादीजा ने बताया कि युग पुरुष स्वामी परमानंद महाराज के सानिध्य में सोमवार 17 जुलाई को सायं 7 बजे शिविर का शुभारंभ होगा। शिविर में प्रतिदिन प्रातः 7 से 8 बजे तक योगासन, 8से 9 बजे तक ध्यान एवं सायं 7 से 9 बजे तक प्रवचन होंगे। रविवार 23 जुलाई को प्रातः 7 से 8 बजे तक नियमित योगासन के बाद प्रवचन एवं गुरू पूजन के आयोजन भी होंगे। अखंड परमधाम सेवा समिति के महासचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि युग पुरुष स्वामी परमानंद गिरि महाराज के साथ महामंडलेश्वर स्वामी ज्योतिर्मयानंद गिरि महाराज भी इंदौर आएंगे। इनके अलावा देश-विदेश के अनेक शिष्य भी इस शिविर में भाग लेने आएंगे। शिविर एवं सत्संग की तैयारियां प्रारंभ हो चुकी हैं।



# फ्रॉड बाबा सनातन धर्म पर प्रवचन कर विनाश कर रहे

● दिग्विजय सिंह का ट्वीट, नरोत्तम का पलटवार-उन्हें सनातन और संतों का अपमान करने की आदत हो चुकी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** भोपाल में कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा खत्म होने के बाद दिग्विजय सिंह के ट्वीट ने सियासी बखेड़ा खड़ा कर दिया है। दिग्विजय सिंह ने ट्वीट करते हुए लिखा- अज्ञानी सनातन धर्म विरोधी आरएसएस के स्वयं सेवकों और विश्व हिंदू परिषद के बाबाओं को जिहाद का क्या मतलब होता है वह समझाओ।

जिहाद का मतलब है.. जिहाद एक अरबी शब्द है। जिसका अर्थ है प्रयत्न करना नैतिक मूल्यों के संरक्षण के लिए की जाने वाली जद्दोजहद या संघर्ष, किसी जायज मांग के लिए भरपूर कोशिश करना या आंदोलन और जिसका मतलब मेहनत और मशक्कत करना भी है। क्या पढ़ाई व रोजगार में मेहनत और मशक्कत करना भी जिहादहै?

### फ्रॉड बाबा सनातन पर प्रवचन करने लगते हैं तो देश विनाश की ओर जाएगा

दिग्विजय ने लिखा- क्या करें जब अनपढ़ लोग शक्तिशाली पदों पर पहुंच जाते हैं। फ्रॉड बाबा लोग सनातन धर्म पर प्रवचन करने लगते हैं, तो क्या देश व सनातन धर्म विनाश की ओर



नहीं जाएगा? हर हिंदू धर्म के आयोजनों में क्या नारा लगता है- धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो। प्राणियों में सद्भावना हो। विश्व का कल्याण हो इतने व्यापक सोच के हिंदू सनातन धर्म को कुछ लोग कितना संकुचित कर रहे हैं, हमें दुख है। हे प्रभु इन अज्ञानियों को सद्बुद्धि दें।

### नरोत्तम का पलटवार- उन्हें सनातन और संतों के अपमान की आदत पड़ चुकी

दिग्विजय सिंह के इस ट्वीट पर पलटवार करते हुए मप्र के गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने कहा कितनी मासूमियत से दिग्विजय सिंह ने ये बात कही है। और क्या डेफिनेशन दी है। दिग्विजय सिंह कभी आपने ये परिभाषा, आईएसआई, पीएफआई, अलकायदा, सिमी को समझाई? आपको बस आदत बन गई है सनातन का अपमान करने की, सनातन धर्म पर हमला करने की।

### नरोत्तम ने प्रदीप मिश्रा के बयान से जोड़ा दिग्गी का ट्वीट

दिग्विजय सिंह के ट्वीट को नरोत्तम मिश्रा ने प्रदीप मिश्रा की कथा से जोड़ते हुए कहा- कल भोपाल में प्रदीप मिश्रा जी ने लव जिहाद को लेकर बच्चियों को संस्कार की बात की। सुरक्षा के ऊपर उन्होंने ज्ञान दिया। आपको यही अखर गई। और आपने सुबह ही संतों को ढ़ोंगी करार दे दिया। मैं कमलनाथ, प्रियंका गांधी से सवाल पूछना चाहता हूं, जो धर्म का चोला ओढ़कर आते हैं। कि दिग्विजय सिंह ने जो सनातनी संतों के बारे में बोला है, इससे आपत्तिजन बयान को क्या आप सही मानते हैं तो हां करो। यदि नहीं मानते तो कार्रवाई करो। वैसे ये करेंगे नहीं क्योंकि ये तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं। कमलनाथ मौन ही रहेंगे।

### सज्जन ने किया किनारा

दिग्विजय सिंह के बयान पर सज्जन सिंह वर्मा ने किनारा करते हुए कहा- दिग्विजय सिंह जब कुछ बोलते हैं वो सोच समझकर बोलते हैं। इसलिए उनकी बातों पर टिप्पणी करना मैं उचित नहीं समझता।

## एकांतवास में पं. धीरेंद्र शास्त्री, सनातन धर्म पर लिखेंगे किताब

गंगोत्री से कलश लेकर मिलने पहुंची मेडिकल स्टूडेंट, कहा-उनके दर्शन होकर रहेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री एकांतवास में चले गए हैं। वे अगले 5 दिन एकांत में रहकर सनातन धर्म पर किताब लिखेंगे। बाबा चाहते हैं कि उनकी ये किताब देश के सभी स्कूलों में पहुंचे, जिससे बच्चों को सनातन धर्म के बारे में जानकारी मिले। इस बीच गंगोत्री से कलश लेकर पैदल यात्रा कर बाबा से मिलने छतरपुर पहुंची मेडिकल स्टूडेंट शिवरंजनी तिवारी ने कहा कि वे चाहे एकांतवास में जाए। चाहे अज्ञातवास में जाए। मुझे बालाजी सरकार में विश्वास है, उनके दर्शन तो होकर रहेंगे।

### किताब स्कूल-कॉलेज में मुफ्त बांटी जाएगी

मध्यप्रदेश के मंदसौर के खेजड़िया में हनुमंत कथा मंच से बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री ने था कहा कि वे अगले कुछ दिनों तक एकांतवास पर रहेंगे। इस दौरान वे हिंदू धर्म पर किताब लिखेंगे। उन्होंने कहा कि यह किताब स्कूल और कॉलेज में मुफ्त बांटी जाएगी। धीरेंद्र शास्त्री के मुताबिक लोग अक्सर यह सवाल उठते हैं कि हिंदू धर्म हैं क्या, हाल ही में आई द्वाद केरला स्टोरी फिल्म में एक सवाल पूछा गया था कि सनातन धर्म क्या है। अब इसका जवाब देने के लिए ही हम एक पुस्तक लिख रहे हैं।

### वह मार्तंड तेल का प्रचार कर रही-डॉ. शैलेंद्र योगीराज

गुरुवार 2 बजे एक होटल में जगत गुरु शंकराचार्य के मीडिया प्रभारी डॉ. शैलेंद्र योगीराज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। जिसमें उन्होंने कहा कि मेडिकल स्टूडेंट शिवरंजनी का जगतगुरु शंकराचार्य से कोई रिश्ता नाता नहीं है। वह मार्तण्ड तेल का प्रचार कर रहीं हैं। जो बाबा बागेश्वर को अपना प्राणनाथ बता रही हैं।

## प्रदेश में रातें भी गर्म, दो दिन और तेज गर्मी

टीकमगढ़-उमरिया में रात का टेम्प्रेचर हाई; धार, बालाघाट-रतलाम में लू जैसी स्थिति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मानसून की एंट्री से पहले मध्यप्रदेश में दिन और रात दोनों ही तप रहे हैं। जून में खजुराहो में दिन का पारा 45 डिग्री के आंकड़े को छू चुका है, जबकि दतिया, दमोह टीकमगढ़, उमरिया, रीवा, नौगांव और ग्वालियर की रातें सबसे गर्म हैं। मौसम वैज्ञानिकों ने 15 जून की रात में भी टेम्प्रेचर के बढ़ने का अनुमान लगाया है। खासकर टीकमगढ़-उमरिया में तापमान ज्यादा रहेगा। धार, बालाघाट और रतलाम में लू जैसी स्थिति है। छतरपुर के खजुराहो और नौगांव में भी गर्म हवाएं चल रही हैं।**

दिन-रात पड़ रही भीषण गर्मी से 17 जून के बाद ही थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है, क्योंकि राजस्थान में मौसम बदलेगा। इसका असर मध्यप्रदेश में भी देखने को मिलेगा। 15 और 16 जून को भी तेज गर्मी वाला मौसम रहेगा। हालांकि, तेज गर्मी के बीच प्रदेश के कई शहरों में मौसम का मिजाज बदला हुआ रहेगा। गरज-चमक के साथ हल्की बारिश हो सकती है। बादल छाए रह सकते हैं। भोपाल में बुधवार शाम 7 बजे तेज बारिश हुई।

### क्यों पड़ रही तेज गर्मी?

सीनियर मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि अरब सागर में उठे चक्रवात ह्यबिपरजॉय ने प्रदेश से सारी नमी खींच ली है। इस कारण प्रदेश में मौसम साफ है और गर्मी का असर है। दूसरी ओर, राजस्थान में गर्म है। इस कारण वहां से गर्म हवाएं मध्यप्रदेश में आ रही है। सीमा के जिलों में गर्मी का असर ज्यादा है। तूफान पाकिस्तान के रास्ते राजस्थान में जाएगा। वहां पर 16-17 जून को बारिश होने के आसार है। इस कारण मध्यप्रदेश में भी मौसम बदलेगा। गर्म हवाएं ठंडी हवाओं में बदल जाएगी। गर्मी से थोड़ी राहत मिलेगी।

### पिछले 24 घंटे में कहां कितनी बारिश

पिछले 24 घंटे में खंडवा के न्यू हरसूद इलाके में 14 मिमी, धार के मनावर में 5, धरमपुरी में 1, पीथमपुर में 0.2 मिमी बारिश दर्ज हुई। इसी तरह बड़वानी के चाचरीयापाटी में 4, सीहोर के शहरी इलाके में 2,एग्रो-ऑब्स में 3.5, रायसेन के बरेली में 1, बुरहानपुर के नेपानगर में 0.5,सिवनी के केवलारी में 10.2, सिंगरौली के देवसर में 8.2, अनूपपुर के बिजुरी में 2.2, बेनीबारी में 0.6, बालाघाट के मलाजखंड में 2, लालबर्रा में 2 और सीधी के बहरी में 0.8 मिमी पानी गिरा। भोपाल शहर व बैरागढ़, देवास, मंदसौर, सागर, मंडला, डिंडोरी, छिंदवाड़ा में भी बारिश हुई है।

### 9 शहरों में न्यूनतम तापमान 30 डिग्री के पार

हवा में नमी नहीं होने के कारण मध्यप्रदेश की रातें भी गर्म हैं। प्रदेश के 9 शहरों में न्यूनतम तापमान बुधवार रात 30 डिग्री के पार पहुंच गया। दतिया, नौगांव में यह 32 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। सतना, खजुराहो में 31.6, तो रीवा में 31.5 डिग्री दर्ज हुआ। मलाजखंड में 21.6, पचमढ़ी में 23.8 डिग्री न्यूनतम तापमान रहा।

## महाकाल में दो महीने में 27.77 करोड़ दान

● खर्च भी ढाई करोड़ से बढ़कर पांच करोड़ प्रति माह हुआ, एडवांस में हो रही कमाई



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** उज्जैन में महाकाल लोक बनने के बाद आने वाले भक्त दिल खोलकर दान कर रहे हैं। महाकाल की आय एक साल में तीन गुना से भी अधिक हो गई है। अप्रैल और मई महीने में भक्तों की भेंट से भगवान महाकाल का खजाना भर गया है। मंदिर समिति को करीब 27.77 करोड़ की रिकॉर्ड आय सिर्फ दो महीने में हो चुकी है। इसमें गर्भगृह दर्शन, शीघ्र दर्शन, भस्म आरती अनुमति समेत दान पेटी से मिला दान शामिल है। अब आय बढ़ी तो खर्च भी बढ़कर दोगुना हो गया है। महाकाल लोक से पहले ढाई करोड़ रुपए प्रति माह का खर्च होता था, जो बढ़कर 5 करोड़ से अधिक हो गया है।

11 अक्टूबर को पीएम मोदी ने महाकाल लोक का लोकार्पण किया था। इसके बाद से दुनिया भर से श्रद्धालु बड़ी संख्या में महाकाल मंदिर में पहुंच रहे है। यहां आकर दान के साथ मंदिर समिति की और से चलने वाली व्यवस्थाओं का लाभ भी ले रहे है। इसी वजह से मंदिर समिति की आय में एकाएक बढ़ोतरी हुई है। महाकाल मंदिर में लगी दान पेटियों में तो भक्त दान कर ही रहे हैं। मंदिर समिति की ऑनलाइन सुविधा का फायदा उठाकर भक्त अब एडवांस बुकिंग कर मंदिर समिति को दान करने में पीछे नहीं हट रहे।

अप्रैल 2023 में मंदिर समिति को गर्भगृह में प्रवेश, शीघ्र दर्शन टिकट और भस्म आरती अनुमति शुल्क से 14.26 करोड़ की आय हुई थी, जबकि बीते वर्ष अप्रैल 2022 में 3.20 करोड़ रुपए मंदिर समिति को मिले थे। महाकाल लोक से पहले मंदिर का खर्च प्रति माह करीब ढाई करोड़ था, जो बढ़कर 5 करोड़ से ऊपर हो गया है।

## बेटे ने माता-पिता की हत्या की

● विवाद के बाद घर का सामान तोड़ रहा था, टोका तो धारदार हथियार से हमला कर दिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बालाघाट।** बालाघाट में एक युवक ने माता-पिता की हत्या कर दी। बेटा गुस्से में घर का सामान फेंक रहा था। माता-पिता ने समझाने की कोशिश की तो उसने धारदार हथियार से हमला कर दिया। पिता की मौके पर ही मौत हो गई। मां ने अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में दम तोड़ दिया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है।

घटना जिले के हट्टा थाना क्षेत्र के सिंगोड़ी पंचायत के गुनई में हुई। यहां रहने वाले रूपचंद के छोटे बेटे सरोज (25) का बुधवार देर रात परिवार से विवाद हो गया था। गुस्से में वह घर में तोड़फोड़ करने लगा। तेज आवाज सुनकर घर के बाहर खड़े पिता रूपचंद (64) भागकर उसके पास गए। सरोज ने उन पर ही हमला कर दिया। ये देख मां कविता पति को बचाने दौड़ी और बेटे पर चिल्लाने लगी। सरोज ने मां पर भी धारदार हथियार हमला कर दिया। कविता को पड़ोसी अस्पताल ले जाने लगे, लेकिन रास्ते में उसकी भी मौत हो गई।

**गुस्सैल प्रवृत्ति का है आरोपी-** हट्टा थाना प्रभारी विजय ससन ने बताया कि आरोपी गुस्सैल प्रवृत्ति का है। अभी यह साफ नहीं है कि उसने माता-पिता की हत्या किससे की है। घटनास्थल पर फावड़ा, गैती और डंडा पड़ा था। शवों के पीएम के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

फूल हमेशा एकांत में खिलता है और व्यक्ति के अंत:करण का फूल भी एकांत में खिलता है। हर व्यक्ति को अपना एकांत संभालना चाहिए।

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## व्यक्तित्व विशेष

### ● हेमन्त कुमार मुखोपाध्याय



**(जन्म- 16 जून, 1920, वाराणसी, उत्तर प्रदेश; मृत्यु- 26 सितम्बर, 1989, पश्चिम बंगाल)** हिन्दी फ़िल्म जगत के महान पार्श्वगायक और संगीतकार थे। वे 'हेमन्त दा' के नाम से प्रसिद्ध हुए थे, जिनके गीत आज भी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। बांग्ला और हिन्दी फ़िल्म संगीत की जानी-मानी शख्सियत हेमन्त कुमार न सिर्फ़ मौसीकी के माहिर थे, बल्कि बेहतरीन फ़िल्म निर्माता भी थे। बांग्ला भाषा के अनेक ग़ैर-फ़िल्मी एल्बम को सुर देने वाले हेमन्त कुमार ने कई मशहूर हिन्दी गीतों को भी अपनी मधुर आवाज़ दी थी। इसके साथ ही उन्होंने एक ऐसी फ़िल्म का निर्माण भी किया, जिसे 'राष्ट्रपति स्वर्ण पदक' से नवाज़ा। फ़िल्म समीक्षक ज्योति वेंकटेश के मुताबिक हेमन्त कुमार अपने दौर के सबसे प्रतिभाशाली फनकारों में से थे। संगीत की नब्ज़ का मिज़ाज समझने में दक्ष इस कलाकार को 'रवींद्र संगीत' का विशेषज्ञ भी माना जाता था।

## संपादकीय

### युद्ध से होता पलायन

द्वितीय महायुद्ध का सबक तो यह था कि युद्ध या किसी भी तरह का संघर्ष मानवता के लिए खतरा है और उसे किसी भी रूप में रोका जाना चाहिए। मगर इसके लिए बनी संस्थाएं भी इसमें नाकाम रही हैं। दुनिया में हर समय कहीं न कहीं युद्ध चल रहा है, जातीय संघर्ष, गृहयुद्ध की स्थिति बनी हुई है। धार्मिक विद्वेष की वजह से तनाव और पलायन की स्थितियां पैदा होती रहती हैं। सूडान में संघर्ष के चलते अप्रैल के बाद से करीब बीस लाख लोग अपना घर-बार छोड़ चुके हैं। इसी तरह कांगो गणराज्य, इथोपिया और म्यांमा में संघर्ष के कारण करब दस-दस लाख लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। संयुक्त राष्ट्र के शरणार्थी उच्चायुक्त ने इसे मानवता के लिए कलंक माना है। इन देशों में अभी स्थितियां सुधरने या बदलने की कोई उम्मीद भी नजर नहीं आ रही। सीरिया, लेबनान, लीबिया में संघर्ष और विस्थापन की त्रासदी लोग देख ही चुके हैं। दुनिया के बहुत सारे देशों में अपने पड़ोसी देशों के साथ या आंतरिक संघर्ष चल रहा है, जातीय संघर्ष, धार्मिक कट्टरता, आतंकवाद, गृहयुद्ध, गरीबी आदि वजहों से लोग अपना मूल निवास छोड़ कर कहीं दूसरी सुरक्षित जगहों पर शरण पाने की कोशिश कर रहे हैं। इनमें से बहुत सारे लोग वर्षों से शरणार्थी के रूप में रह रहे हैं, सुरक्षा कारणों से वे वापस अपने वतन जाना भी नहीं चाहते। किन्हीं विषम परिस्थितियों में लोगों को अपना बसा-बसाया घर-बार, रोजगार के साथन, जमीन-जायदाद छोड़ कर दूसरे किसी देश के शरणार्थी शिविर में रह कर संघर्ष करना पड़े, तो उनके जीवन की त्रासदी का अंदाजा लगाया जा सकता है। दूसरे विश्वयुद्ध की त्रासदी को लोग अब भी नहीं भूले हैं, उसके नतीजे रूह कंपा देने वाले रहे। उसके बाद युद्ध, आंतरिक संघर्ष, जातीय-धार्मिक कट्टरता आदि के चलते मनुष्य के सामने पैदा होने वाले संकटों को टालने के मकसद से कुछ अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं का गठन किया गया। शरणार्थियों को लेकर एक अंतरराष्ट्रीय अभिरूप भी तभी बना, जिसके तहत दूसरे देश इस तरह की स्थितियों में पलायन कर आए लोगों को अपने यहां पनाह देंगे। मगर स्थिति यह है कि बहुत सारे देश अब शरणार्थियों का बोझ नहीं उठा पा रहे, इसलिए वे या तो अपने यहां से शरणार्थियों को निकालना चाहते हैं या नए शरणार्थियों को आने से रोकने का प्रयास करते हैं। भारत भी कई बार म्यांमा, पाकिस्तान, बांग्लादेश के शरणार्थियों का बोझ उठा पाने को लेकर अपनी पीड़ा जाहिर कर चुका है।

## अर्ज़ किया है..!

*आसमानों में उड़ा करते हैं फूले फूले*
*हल्के लोगों के बड़े काम हवा करती है*

-मोहम्मद आज़म

## महिला जगत

**SDM Apoorva Yadav**

# अमेरिका से लौटकर पास की यूपीएससी की परीक्षा, ऐसे बनीं मैनपुरी की पहली महिला एसडीएम



संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में हर साल लाखों अभ्यार्थी शामिल होते हैं। पुरुषों के साथ महिलाएं भी मेहनत और प्रयास से यूपीएससी परीक्षा पास करते है और आईएएस आईपीएस बनते हैं। प्रतिवर्ष प्रशासनिक सेवा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों में महिलाओं का आंकड़ा भी अच्छा खासा है। एक महिला ने हिंदी माध्यम से पढ़ाई करने के बाद अफसर बनकर दिखाया। अहम बात ये नहीं कि महिला ने हिंदी माध्यम से स्कूलिंग की थी। अहम है कि महिला पेशे से इंजीनियर थीं और अमेरिका भी गईं थी लेकिन प्रशासनिक सेवा में आने के लिए महिला ने एक मल्टीनेशनल कंपनी की नौकरी छोड़ दी और यूपीएससी की तैयारी शुरू कर दी। आइए जानते हैं अपने जिले की पहली महिला एसडीएस अपूर्वा यादव के बारे में।

### ● कौन हैं अपूर्वा यादव

अपूर्वा यादव उत्तर प्रदेश के छोटे से शहर मैनपुरी के रहने वाली हैं। अपूर्वा ने हिंदी माध्यम के स्कूल से शुरुआती शिक्षा हासिल की। उसके बाद इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिए दाखिला लिया। इंजीनियरिंग के लिए उन्हें अंग्रेजी का जानकार होना जरूरी महसूस हुआ। अपूर्वा ने काफी मेहनत की और इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की

### ● अपूर्वा का करियर

पढ़ाई पूरी करने के बाद अपूर्वा यादव की नौकरी टीसीएस में लग गई। तीन साल तक अपूर्वा ने टीसीएस जैसी मल्टीनेशनल कंपनी में काम किया। इस दौरान उन्हें अमेरिका जाने का भी मौका मिला। हालांकि अपूर्वा यादव ने अपने लिए एक नया लक्ष्य तय कर लिया था।

### ● यूपीएससी की तैयारी

अपूर्वा यादव ने तय किया कि उन्हें प्रशासनिक सेवा में जाना है। अपूर्वा ने अमेरिका से अमेरिका से लौट कर यूपीएससी परीक्षा की तैयारी शुरु कर दी। हालांकि अपूर्वा तीन बार असफल हुईं। परीक्षा में असफलता मिलने के बाद भी उन्होंने तैयारी जारी रखी और साल 2016 में चौथे प्रयास में यूपीएससी की परीक्षा पास कर ली।

### ● यूपीएससी में 13वीं रैंक

संघ लोक सेवा आयोग की यूपीएससी परीक्षा 2016 में अपूर्वा यादव ने 13वीं रैंक हासिल की। इसके साथ वह अपने शहर की पहली महिला एसडीएस बन गईं।

## Highlights

1. Seats filling fast for INSEAD's Product Management program: Hero Vired
2. 5 terrorists killed in encounter with security forces in J&K
3. TN Guv Ravi refuses to reallocate arrested minister Senthilbalaji's portfolios
4. Father-son killed, 22 injured after Biparjoy makes landfall in Gujarat
5. Biparjoy to weaken, enter Rajasthan by today evening: IMD
6. Delhi Police to request govt for withdrawal of FIR against protesting wrestlers

# Deadline for Higher EPS pension on June 26. Here's how to calculate the amount

**NEW DEIHI, (Agency).** Around 10 days remain for those who wish to participate in the Employees' Pension Scheme's Higher Pension Scheme, which permits eligible individuals to earn a higher pension amount depending on specified conditions. Those interested should apply using the Employees' Provident Fund Organisation's Member e-Sewa site, which has a simple application process. Here's all you need to know.

Calculation of Higher Pension for pre-September 2014 retirees:

To determine the pension amount, the average monthly pay earned during the contributory period of service in the 12 months before leaving the pension fund membership is considered.

Calculation of Higher Pension for post-September 2014 retirees:

To determine the pension amount, the average monthly pay earned during the contributory period of service in the 60 months before leaving the pension fund membership is taken into




account.

Currently, the formula for calculating pension under the EPS scheme is as follows: Average salary of 60 months multiplied by the service period, divided by 70.

The pension calculation formula underwent revision by the government in September 2014. Prior to that date, the average salary in the 12 months before retirement was considered, but from September 1, 2014, it was extended to 60 months.

Who should choose this scheme?

Choosing a larger pension will increase your pension but EPF accumulation will decrease. So it is a much better option to secure a retirement life. However, if you do not choose it, you will be left with a sizable EPF corpus. Thus it may be beneficial for those who want to retire early.

How to apply for a higher pension under EPS?

Step 1: Open the EPFO website,

Step 2: Go to the Member e-Sewa portal

Step 3: Click on "Pension on higher salary: Exercise of joint option"

Step 4: Choose "Application form for joint options - Joint options."

Step 5: Enter the necessary information, including your UAN, name, birthdate, Aadhaar number, the mobile number that is connected to your Aadhaar, and captcha.

# 'IndiGo, Vistara cancel flights last minute because': Shark Tank's Anupam Mittal

**NEW DEIHI, (Agency).** Anupam Mittal, founder of Shaadi.com, on Thursday claimed that Indian airlines were following a pattern of last-minute cancellations and rescheduling. Taking to Twitter, Mittal accused IndiGo and Tata Group's Vistara of regularly cancelling flights due to a lack of passengers and then arranging alternative options to accommodate other flyers.

He wrote, "Clear pattern



emerging on Indian airlines especially Vistara and Indigo when they don't have enough load on a flight, they cancel last minute with impunity and without giving any reasons and combine with an earlier or later flight and call it 'rescheduling'..."The Shark Tank India judge requested his followers to retweet his post and tagged Directorate General of Civil Aviation (DGCA) to draw attention to the matter in order to reduce inconvenience to travellers, especially the elderly. "Pls RT so@DGCAIndia takes note and saves passengers, especially senior citizens, from inconvenience & stress," he added.

Several users agreed to Mittal's allegation and shared similar experiences faced by them. One user, who booked SpiceJet as per the tweet, wrote, "I booked a flight of 9.10 am and after 4 flight timing changes, one absurdly at 4.10 am in the morning, I flew at 6.30 pm. While returning flight of 11.30 changed 2 times and I flew at 4.30 pm. Ixb-ccu sector.

Jammu & Kashmir

# कुपवाड़ा में सुरक्षाबलों की बड़ी कामयाबी, पांच विदेशी आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर, (एजेंसी) जम्मू कश्मीर में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है. कुपवाड़ा में सुरक्षाबलों और पुलिस ने अपने संयुक्त ऑपरेशन के दौरान पांच विदेशी आतंकवादियों को मार गिराया है. सुरक्षाबलों ने इलाके में घेराबंदी कर ली है और अभी भी सर्च ऑपरेशन जारी है. कश्मीर पुलिस के ADGP ने बताया कि सुरक्षाबलों को यहां आतंकियों के छिपे होने की खबर मिली थी जिसके बाद यह ऑपरेशन चलाया गया. उन्होंने बताया कि इलाके को घेर लिया गया है और तलाशी अभियान फिलहाल जारी है.**



घाटी में बड़े आतंकी हमले के इनपुट मिलने के बाद सुरक्षाबलों को अलर्ट पर रखा गया है, ताकि आतंकी अपने मंसूबो में कामयाब न हो पाएं. जम्मू-कश्मीर में आतंकियों के सफाया होने से आतंकी बेचैन हैं और यह वजह है कि वो Security Forces और गैर-स्थानीय मजदूरों को टारगेट करने की साजिश रच रहे हैं. खुफिया एजेंसियों ने कुछ पाकिस्तानी आतंकियों की मूवमेंट भी जम्मू कश्मीर में ट्रैक की है.

आपको बता दें कि इस समय घाटी में सक्रिय आतंकियों की संख्या 50 के आसपास है. इसके अलावा घाटी में वर्तमान में 20-24 विदेशी आतंकी हैं. केंद्रीय एजेंसियों मुताबिक, 30-35 आतंकी स्थानीय हैं और बाकी विदेशी आतंकी हैं. पिछले महीने ही डीजीपी दिलबाग सिंह ने बताया था कि हमने चारों तरफ से आतंक के इको सिस्टम को घेर लिया है. चाहे वह पत्थरबाजों पर कार्रवाई हो या अलगाववादी, फाइनेंसरों पर कार्रवाई हो या सीमा पार से ड्रोन के जरिए आने वाले हथियारों को जब्त करना हो. पुलिस और सुरक्षाबलों ने काफी हद तक आतंकवाद पर काबू पाने में कामयाबी हासिल की है. जहां साल 2017 से जब आतंकियों की संख्या 350 थी, वही अब उनकी संख्या दो अंकों में आ गई है.

Manipur

## मणिपुर में केंद्रीय मंत्री के घर में भीड़ ने लगाई आग, पेट्रोल बम से हुआ हमला

**इंफाल, (एजेंसी)** मणिपुर में इन दिनों हिंसा के कई मामले सामने आ रहे हैं। भीड़ ने गुरुवार देर रात केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री आरके रंजन सिंह के इंफाल के कोंगबा स्थित आवास में आग लगा दी। मणिपुर सरकार ने इसकी जानकारी दी है। विदेश राज्य मंत्री ने न्यूज एजेंसी एएनआई से बात करते हुए कहा, ''मैं इस समय आधिकारिक काम के लिए केरल में हूं। शुक्र है कि कल रात मेरे घर में कोई घायल नहीं हुआ। बदमाश पेट्रोल बम लेकर आए थे और मेरे घर के ग्राउंड फ्लोर और पहली मंजिल को नुकसान पहुंचाया गया है।''

उन्होंने हिंसा पर चिंता जताते हुए कहा कि मेरे गृह राज्य में जो हो रहा है उसे देखकर बहुत दुख होता है। मैं अब भी शांति की अपील करता रहूंगा। इस तरह की हिंसा में लिप्त लोग बिल्कुल अमानवीय हैं। घटना कोंगा नंदीबाम लेकाई इलाके में रात करीब 10 बजे हुई। दमकल कर्मी और सुरक्षा बल मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। घर और कुछ खड़ी गाड़ियों को नुकसान पहुंचा। राहत की बात यह है कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। यह दूसरी बार है जब केंद्रीय मंत्री के घर पर हमला किया गया है। इससे पहले 23 मई को भी भीड़ ने उनके आवास पर धावा बोल दिया था।

Noida

## इनोवा व 11 लाख रुपये न देने पर महिला को पिलाया ऑल आउट, पैसों की भूख ने बनाया हैवान

**ग्रेटर नोएडा, (एजेंसी)** ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक-3 थाना क्षेत्र के खैरपुर गुर्जर गांव निवासी ज्योति को ससुरालियों ने दहेज में इनोवा व 11 लाख की मांग पूरी नहीं होने पर ऑल आउट पिलाकर जान से मारने की कोशिश की। पुलिस ने इस मामले में पति समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस को दी गई शिकायत में ज्योति ने कहा है कि उसका विवाह दिल्ली निवासी विशाल बैसोया से वर्ष 2020 में हुआ था। आरोप है कि विवाह के बाद से ससुराल के लोग अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसका उत्पीड़न करते थे। आरोपी कार व नकदी की मांग कर रहे थे। मामले में दोनों पक्षों की तीन बार पंचायत भी हो चुकी है। आरोप है कि मांग पूरी नहीं होने पर उसके पति व अन्य ससुरालियों ने ज्योति को ऑल आउट पिला दिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई।

Rajasthan

## बुआ के दो बेटों ने 11 साल की नाबालिग से किया गैंगरेप, तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल में हुआ खुलासा

**उदयपुर, (एजेंसी)** राजस्थान के उदयपुर में में दो फुफेरे भाइयों ने 11 साल की मासूम के साथ गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया. जब बच्ची की हालत बिगड़ गई तो उसे अस्पताल ले जाया गया. डॉक्टरों ने उससे काफी पूछताछ की तो बच्ची ने घटना के बारे में बताया. बच्ची के परिजनों ने फुफेरे भाइयों के खिलाफ केस दर्ज कराया है. पुलिस का कहना है कि बच्ची के ठीक होने पर कोर्ट में उसके बयान दर्ज कराए जाएंगे.

दरअसल, बच्ची राजसमंद जिले की रहने वाली है. बच्ची के परिजनों ने कहा कि बच्ची की मां का 13 जून को एमबी हॉस्पिटल में ऑपरेशन होना था. इसी वजह से उसे उसकी बुआ के यहां छोड़ आए थे. बुआ के घर पर 13 और 15 साल के नाबालिग फुफेरे भाइयों ने बच्ची के साथ गैंगरेप किया. दोनों नाबालिग आरोपियों ने पीड़िता को डराया था कि वो किसी को कुछ नहीं बताए. इसी वजह से पीड़िता से बड़ी बहन ने काफी पूछा, पर उसने कुछ भी नहीं बताया था.

बच्ची के पिता की कई साल पहले मौत हो चुकी है. घटना का खुलासा तब हुआ, जब नाबालिग की तबीयत बिगड़ी और बच्ची की बड़ी बहने उसे अस्पताल लेकर पहुंची.

खेल

इंडोनेशिया ओपन

## श्रीकांत के आगे नहीं टिके लक्ष्य सेन, ताइ जू यिंग के खिलाफ करियर में 19वीं बार हारीं सिंधु

**नई दिल्ली**। किदांबी श्रीकांत और एच एस प्रणय ने सीधे गेमों में जीत के साथ इंडोनेशिया ओपन विश्व टूर सुपर 1000 बैडमिंटन स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। वहीं, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु का अभियान हार के साथ खत्म हुआ। पुरुष एकल के अंतिम-16 मुकाबले में लक्ष्य ने श्रीकांत को कड़ी टक्कर दी लेकिन विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर रह चुके अनुभवी खिलाड़ी श्रीकांत ने 45 मिनट तक चले मैच को 21-17 22-20 से अपने नाम किया। दोनों खिलाड़ियों के तीन मैचों में श्रीकांत की यह तीसरी जीत है। सातवीं वरीयता के प्रणय ने हांगकांग के एगंस ना का लोंग को 43 मिनट में 21-18, 21-16 से हराया।



श्रीकांत और लक्ष्य के बीच कड़ी टक्कर हुई। लक्ष्य ने शुरुआत में 4-0 की बढ़त बना ली थी। उसके बाद श्रीकांत ने वापसी की और दोनों के बीच अच्छा संघर्ष देखने को मिला। उसके बाद 30 साल के श्रीकांत ने 21 साल के अपने युवा प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ लगातार चार अंक लेकर पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में भी कड़ी टक्कर हुई लेकिन लगातार छह अंक लेकर श्रीकांत ने 20-14 की बढ़त बना ली। उसके बाद 2021 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता लक्ष्य ने स्कोर 20-20 कर दिया।

### ली शी फेंग से होगा श्रीकांत का मुकाबला

श्रीकांत ने संयम बनाए रखा और लगातार दो अंक लेकर मैच अपने कब्जे में कर लिया। श्रीकांत की अगली टक्कर चीन के ली शी फेंग से होगी, जिन्होंने सिंगापुर के लोह कीन को 21-19, 21-14 से पराजित किया। प्रणय का अगला मुकाबला तीसरी वरीयता के जापान के कोदई नरोका से होगा।

### ताइ के खिलाफ सिंधु की 24 मुकाबलों में 19वीं हार

दुनिया की 14वें नंबर की महिला एकल खिलाड़ी सिंधु दूसरे दौर के मैच में चीनी ताइपे की दुनिया की तीसरी रैंकिंग की खिलाड़ी ताइ जू यिंग से 18-21 16-21 से हार गई। सिंधु पिछले दो टूर्नामेंटों में शुरुआती दौर में बाहर हो गई थीं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ताइ जू के खिलाफ सिंधु को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा है। दोनों खिलाड़ियों के बीच खेले गए 24 मुकाबलों में चीनी ताइपे की खिलाड़ी ने 19 मैच अपने नाम किए हैं। सिंधु की हार के साथ ही महिला एकल वर्ग में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई।

सिनेमा

## Adipurush : अब इस लुक पर ट्रोल हुए सैफ अली खान, यूजर्स बोले- VFX वालों ने ठग लिया



**मुंबई**। कई विवादों के बाद आखिरकार 'आदिपुरुष' सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। प्रभास और कृति सेनन की यह फिल्म पहले इस साल की शुरुआत में आने वाली थी। 16 जून को फिल्म के रिलीज होने के बाद फैन्स के लिए एक तरह से सेलिब्रेशन का दिन है। सिनेमाघरों से जो तस्वीरें आ रही हैं वह तो यही बयां कर रही हैं। फिल्म देखते हुए फैन्स चीयर कर रहे हैं और डांस करते दिखे हैं। प्रभास की एक्टिंग की तारीफ हो रही है। हालांकि एक बार फिर से सैफ अली खान यूजर्स के निशाने पर आ गए हैं। फिल्म से उनकी एक तस्वीर धड़ल्ले से शेयर की जा रही है। उनके लुक को लेकर यूजर्स ने मेकर्स को भी ट्रोल किया कि सस्ता वीएफएक्स जैसा लग रहा है।

सैफ अली खान की एक फोटो शेयर की जा रही है जिसमें उनके 10 सिर हैं। एक यूजर ने कहा, 'इंटरनेट पर कहीं मिला। यह रावण है। ऐसा लगता है कि वीएफएक्स टीम ने मेकर्स से करोड़ों की ठगी की है।'

एक यूजर ने कमेंट किया, 'यकीन मानिए यह आदिपुरुष फिल्म में रावण है। थर्ड क्लास का वीएफएक्स। रावण के रोल में सैफ जच नहीं रहे थे।' एक अन्य ने कमेंट किया, 'स्टाइलिश रावण।' एक अन्य यूजर ने सैफ अली खान की फोटो शेयर करते हुए लाफिंग का इमोजी बनाया।

ठगी करने वाले कॉल सेंटर पर कार्रवाई

# कंपनी के संचालक गिरफ्तार, आरोपी से 8 मोबाइल,1 कंप्यूटर एवं अन्य सामग्री जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर में ऑनलाइन फ्रॉड एवं धोखाधड़ी करने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन में, क्राइम ब्रांच इंदौर के द्वारा डिस्ट्रीब्यूटर डीलरशिप देने के नाम से ठगी करने वाली कंपनियों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा है।**



इसी कड़ी में पुलिस उपायुक्त (क्राइम ब्रांच) इंदौर में जिला बिहार एवं राजस्थान के आवेदकों के द्वारा ऑनलाइन शिकायत की गई थी उन्हें झूठे विश्वास मे लेकर कई कंपनी की डीलरशीप एवं डिस्ट्रीब्यूटरशिप दिलवाने के नाम पर पैसे ऑनलाइन प्राप्त कर न तो डीलरशीप दी गई न प्रोडक्ट्स दिए और ऑनलाइन ठगी की गई।

क्राइम ब्रांच टीम के द्वारा उक्त शिकायत में जांच करते ज्ञात हुआ कि जिला भागलपुर, बिहार के आवेदकअंकित कुमार से 50,625/झ रुपए एवं करौली, राजस्थान के आवेदक दिनेश कुमार से 1,50,000/ रुपए आरोपी के द्वारा ऑनलाइन प्राप्त कर दोनो आवेदकों को झूठे विश्वास मे लेकर कंपनी की डीलरशीप एवं डिस्ट्रीब्यूटरशिप दिलवाने के नाम पर पैसे ऑनलाइन प्राप्त कर न तो डीलरशीप दी गई न प्रोडक्ट्स दिए और ऑनलाइन ठगी की गई। जिस पर थाना अपराध शाखा आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 420, 409 भादवी का अपराध पंजीबद्ध करते हुए आरोपी की तकनीकी जानकारी निकालकर स्कीम नंबर 94, इंदौर स्थित के नाम से संचालित कॉल सेंटर पर कार्यवाही कर संचालक आरोपी गणेश गौर को पकड़ा गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर, प्रकरण में विवेचना के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# इलेक्ट्रिशियन को लूटने वाले 3 बदमाश पकड़ाए

## आरोपियों से ज्वेलरी, नकदी, चाकू एवं बाइक बरामद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **गांधी नगर थाना क्षेत्र में पत्नी से विवाद के बाद जा रहे इलेक्ट्राशियन के साथ लूट की वारदात को अंजाम देने वाले तीन शातिर बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से लूटी गई ज्वेलरी के अलावा नकद रुपए, चाकू व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की गई है।**

क्राइम ब्रांच की टीम ने मुखबिर की सूचना पर गांधी नगर पुलिस के साथ मिलकर आरोपी सुनील गुजराती निवासी पंचशील नगर, विक्रम उर्फ कालू भाऊ निवासी गांधी नगर व एक नाबालिग को पकड़ा। आरोपियों से पूछताछ करने पर खेड़ापति हनुमान मंदिर के पास गांधी नगर क्षेत्र में इलेक्ट्रीशियन युवक राजकुमार पिता ओमप्रकाश मालवीय निवासी अरिहंत नगर के साथ चाकू की नोक पर डरा धमकाकर एवं मारपीट कर उसके पास से नगदी एवं सोने का हार, सोने के टॉप्स एवं चांदी की ज्वेलरी 10 जोड़ी बिछिया एवं चांदी की चेन, को छीन कर लूट की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

आरोपियों के कब्जे से लूट की वारदात का माल नगदी एवं सोने का हार सोने के टॉप्स एवं चांदी की ज्वेलरी 10 जोड़ी बिछिया एवं चांदी की चेन, फरियादी से छिने गए दस्तावेज, कुल कीमती करीबन सवा लाख रुपए एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल एवं चाकू बरामद किया गया। आरोपियों से अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है।

# सेज यूनिवर्सिटी बस ने मारी टक्कर एक्टिवा सवार दो युवा घायल

**इंदौर। बड़वाह-बलवाड़ा के बीच में सेज यूनिवर्सिटी की तेज रफ्तार बस ने एक्टिवा सवार बड़वाह के दो युवकोड्ड को टक्कर मार दी। इस घटना में दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गए हैं। इसमें एक को बड़वाह के शासकीय अस्पताल से इंदौर रेफर किया गया है। दूसरा बड़वाह के निजी अस्पताल में भर्ती है।**

सेज यूनिवर्सिटी की बस गुरुवार शाम को इंदौर से कॉलेज के विद्यार्थियों को बड़वाह छोडऩे आ रही थी। पढ़ाली एवं उमरिया चौकी रेलवे क्रासिंग के बीच उसने तेजी से ओवरटेक करते हुए सामने से आ रहे बड़वाह के एक्टिवा सवार राहुल पिता गोपाल शर्मा (27) एवं लव शर्मा (22) को टक्कर मार दी। इस हादसे के बाद बस टक्कर मारते हुए निर्माणाधीन सड़क मार्ग पर चढ़ गई। अचानक हुए इस हादसे में विद्यार्थी घबरा गए। ड्राइवर फरार हो गया।

**विद्यार्थियों ने किया घायलों का उपचार-** कॉलेज के विद्यार्थियों ने बस की मेडिकल किट निकालकर दोनों घायलों राहुल एवं लव के घावों को साफ किया। इसके बाद उसे कालेज के विद्यार्थी टेम्पो से उन्हें बड़वाह अस्पताल लेकर आए। लव का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। राहुल को सिर में गम्भीर चोट आई है। राहुल के पिता गोपाल बड़वाह के आनन्देश्वर मन्दिर में मुख्य पुजारी हैं।

# मुखबिरी के शक में पेंटर को चाकू मारे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बिचौली हप्सी रोड़ पर दो बदमाशों ने पेंटर पर जानलेवा हमला कर दिया। एक आरोपी गांजा और ब्राउन शुगर की तस्करी करता है। कनाडिय़ा टीआइ जेपी जमरे के मुताबिक, घटना गुरुवार दोपहर की है। मूसाखेड़ी निवासी देवेंद्र सियाराम नागर साथी कान्हा भार्गव के साथ पुताई करने गया था। तभी अंशुल और सूर्या आ गए। आरोपियों ने मुखबिरी का आरोप लगाया और देवेंद्र पर चाकू से हमला कर दिया। टीआइ के मुताबिक, अंशुल ड्रग सप्लाई में लिप्त है।

# मैं हूं अभिमन्यु : महिलाओं की सुरक्षा एवं उनके सम्मान का हमेशा रखूंगा ध्यान

**महिलाओं की सुरक्षा एवं सुरक्षित समाज निर्माण में पुरूषों की भागीदारी बढ़ाने हेतु अभियान**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। महिला अपराधों पर अंकुश लगाने एवं समाज मे महिलाओं के लिये सुरक्षित वातावरण निर्मित हो, इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए पुलिस मुख्यालय द्वारा एक विशेष जागरूकता अभियान अभिमन्यु चलाए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके अंतर्गत विकसित व सुरक्षित समाज के निर्माण के तहत, महिला सुरक्षा को ध्यान में रखकर विशेषकर पुरुषों को जागरूक करने हेतु उक्त अभिमन्यु जागरूकता अभियान 12 जून से 19 जून तक चलाया जाएगा।

इंदौर पुलिस की टीम द्वारा उक्त अभियान के तहत लोगों के बीच जाकर, समाज में महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध हो इसके लिये पुरूष किसी भी प्रकार के महिला अपराध घटित होने पर चुप ना रहे और आवाज उठाएं व उनकी सहायता के लिये प्रेरित हो इसके लिये उन्हें महिला संबंधी अपराधों के प्रति जागरूक करने के साथ ही उनमें महिलाओ व बालिकाओ के प्रति सम्मान की दृष्टि व सकारात्मक व्यवहार विकसित हो इसके लिये भी उन्हें प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में इंदौर पुलिस ने छप्पन दुकान में अभिमन्यु कटआऊट का सेल्फी पांइट लगाकर, लोगों को अभिमन्यु अभियान के बारे में जानकारी देते हुए, महिलाओं के लिये सुरक्षित माहौल निर्मित हो इसके लिये लड़को/पुरूषों को महिलाओं के प्रति सम्मान व उनकी सुरक्षा में वे पूर्ण सहभागी बनने के लिये प्रेरित किया गया। जिस पर लड़को/पुरूषों ने मै हूं अभिमन्यु का संकल्प लेकर सेल्फी भी खींचीं। पुलिस ने आम नागरिकों को महिला सुरक्षा हेतु संचालित विभिन्न हेल्पलाईन की भी जानकारी दी।

# लुटेरों की तलाश में पुलिस ने 150 से ज्यादा फुटेज खंगाले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। दाल मिल कंपनी में काम करने वाले अकाउंटेंट से एक हफ्ते पहले बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया था। बदमाशों ने वारदात के लिए चोरी की टू-व्हीलर का इस्तेमाल किया था। बदमाश अकाउंटेंट से 2 लाख रुपए से अधिक का पेमेंट लेकर फरार हो गए थे। इस मामले में संयोगितागंज पुलिस अभी तक 150 से ज्यादा कैमरे तलाश चुकी है लेकिन बदमाश उनके हाथ नही आए हैं। बताया जा रहा है कि क्राइम ब्रांच को इन आरोपियों का सुराग मिला है, जिसमें आरोपियों द्वारा लूट की अन्य वारदात करने की जानकारी सामने आई है।

संयोगितागंज इलाके के पालदा में बदमाशों ने 8 जून की दोपहर अकाउंटेंट पारसमल जैन के साथ लूट की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने इस मामले में एक टू-व्हीलर को जब्त किया। गाड़ी नंबर के आधार पर जब जांच की गई तो पता चला कि फरवरी माह में आरोपियों ने मल्हारगंज इलाके से यह गाड़ी चुराई थी। इस मामले में वाहन चोरी का केस दर्ज करने के बजाय थाने पर आवेदन लेकर फरियादी को चलता कर दिया गया था।

संयोगितागंज पुलिस ने इस मामले में अभी तक 150 से ज्यादा कैमरे खंगाले हैं। जिसमें आरोपियों के अलग-अलग इलाकों के फुटेज सामने आए हैं। पुलिस के मुताबिक पारसमल जैन एरोड्रम इलाके में रहते थे। एरोड्रम से राजमोहल्ला तक के फुटेज में आरोपी नहीं दिखे। वहीं राजमोहल्ला से बदमाश अकाउंटेंट पारसमल के पीछे जाते हुए दिखाई दिए हैं।

**भीड़ के कारण पहले मौके में नहीं लूट पाए थे-** पुलिस के मुताबिक राजमोहल्ला की एचडीएफएसी बैंक से अकाउंटेंट ने रुपए लिए थे। यहां काफी आवाजाही के चलते बदमाश पारसमल के साथ वारदात को अंजाम नहीं दे पाए। यहां से पारसमल सिटी बस में बैठ गए थे। जिसके बाद वह नौलखा चौराहे के पास उतर कर सर्विस रोड से जेके इंडस्ट्रीज की तरफ जा रहे थे। यही सर्विस रोड पर बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया था।

DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैंनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT
समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।